पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02

सोमवार, दिनांक 30 जून, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ट ।

(ii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न (क्रम सं० 06 एवं 09) शिक्षा विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-14 स्थगित ।

(v) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 08 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) डा० दाउद अली

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा 03.07.2014 तक का समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-25(4) के तहत बिहार राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2012-2013 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

"इस दौरान भाजपा के माननीय सदस्यगण गरीबों के बीच राशन कार्ड वितरण नहीं किए जाने के विषय को लेकर वेल में आकर नारेबाजी करने लगे । आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाए लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।"

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक

<u>वित्तीय कार्य</u>

[5] <u>वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श</u> :-

सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री नन्द किशोर यादव, नेता प्रतिपक्ष

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री कृष्णनन्दन यादव

(iii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

[वाद-विवाद जारी]

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 03 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 01.07.2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-30.06.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।